खानपुर के महाविद्यालय में नवीन सत्र को लेकर चर्चा की

खानपुर। शहीद मुकुट बिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय में स्टाफ काउंसिल की बैठक कार्यवाहक प्राचार्य ऊषा जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें 2022-23 के स्नातक ऑनलाइन प्रवेश कार्य के लिए गठित समितियों के कार्यों की रूपरेखा तैयार की। महाविद्यालय में उपलब्ध हिन्दी साहित्य, संस्कृत साहित्य, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, भूगोल, इतिहास एवं अर्थशास्त्र विषयों के समूह, फीस निर्धारण, प्रवेश नीति आदि विषयों पर चर्चा की गई। प्राचार्य जैन ने बताया कि गत सत्र में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 95.27 प्रतिशत रहा है। शीघ्र ही महाविद्यालय में 200 सीटों के लिए स्नातक प्रथम वर्ष की 2022-23 में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। प्रवेशार्थी समय-समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहे। कनिष्ठ सहायक योगेंद्र नागर व राजेंद्र कुमार राठौर ने महाविद्यालय के भौतिक, वित्तीय संसाधनों एवं समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान आगामी सत्र में नवीन भवन निर्माण कार्य करवाए जाने एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास किए जाने वाले कार्यों की योजना बनाई गई।